# नगर भवन में मेगा सशक्तिकरण शिविर का होगा आज आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को नगर भवन में मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय की माननीय न्यायमूर्ति अनुभा रावत चौधरी उपस्थित रहेंगी। प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा,डीसी अजय कुमार सिंह,एसपी सौरभ,अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रजनी केरकेट्टा सहित,जिले के न्यायिक,प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे। सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लाभुकों को योजनाओं का लाभ दिया जाएगा और परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा। सचिव मरियम हेमरोम ने बताया कि कार्यक्रम की आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। इधर शुक्रवार की शाम प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा, एडीजे नरंजन सिंह,सीजेएम मनीष कुमार सचिव मरियम हेमरोम,डीडीसी संदीप कुमार दोरायबुरू सहित अन्य अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उक्त अधिकारियों ने मंच में अतिथियों के बैठने,कार्यक्रम में लोगों के लिए बैठने,साउंड सिस्टम,स्टॉल के लिए लगाए गए टेंट आदि व्यवस्था के बारे जानकारी लेते हुए कर्मियों और व्यवस्था में लगे लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## तीन दिवसीय स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

**बानो।** प्रखंड के जयपाल सिंह मैदान में शुक्रवार से तीन दिवसीय स्वर्गीय सन्नी तोपनो स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मैच सोदे और राइजिंग स्टार बानो के बीच खेला गया जिसमें सोदे क्रिकेट क्लब की टीम विजई रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना, विशिष्ट अतिथि के रूप में थाना प्रभारी विकास कुमार व बानो पंचायत के मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक उपस्थित थे।प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने फीता काटकर किया।उद्घाटन मैच राइजिंग स्टार बानो और सोदे के बीच खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए सोदे की टीम निर्धारित ओवर में 206 रन बनाई,जवाबी पारी खेलते हुए राइजिंग स्टार बानो की टीम मात्र 61 रन बना पाई।

# अखिल प्राथमिक शिक्षक प्रतिनिधिमंडल की जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधीक्षक से मिला ।प्रतिनिधिमंडल के द्वारा प्रोन्नति अविलंब संपादित करने हेतु एक मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में दावा आपत्तियों को गहन जांचोपरांत प्रोन्नति का कार्य करने का निवेदन किया गया है। जिला अध्यक्ष ने जिला शिक्षा अधीक्षक को बताया कि प्रोन्नति नहीं मिलने से जिले के सभी शिक्षकों में गहरी निराशा है उन्होंने बताया कि शिक्षक बिना प्रोन्नति के सेवानिवृत्ति हो जा रहे है ।उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक से समयबद्ध तरीके एवं रोस्टर क्लियर करते हुए प्रोन्नति का कार्य पूर्ण करने की मांग की।जिला अध्यक्ष ने शिक्षकों को मिलने वाली जनवरी माह में मिलने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि को अविलंब स्वीकृत करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अब वार्षिक वेतन वृद्धि का कार्य प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के द्वारा ही की जाएगी। इस पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि दावा आपत्ति की गहन जांचोपरांत प्रोन्नति अविलंब शुरू की जाएगी। मौके पर नौशाद परवेज, फुलेंदर साहू, विष्णु देव प्रसाद ,अनिरुद्ध सिंह,अरविंद बा, ज्योति सोरेंग, सुमंत महतो,ज्योति मुकुट तिर्की, संजय वर्मा,पाबरस टोप्पो,अविनाश कुमार, उपेंद्र कुमार,मृगेंद्र कुमार,पवन दास, सुमित सिन्हा सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

# भाजपा सदस्यता अभियान निमित्त मंडलो में स्पेशल ड्राइव चलाया

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला भाजपा संगठन प्रभारी बबन गुप्ता जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक एवं सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रवि गुप्ता के नेतृत्व में जिले के सभी मंडलों में सदस्यता अभियान हेतु स्पेशल ड्राइव चलाया गया जिसमें भाजपा पदाधिकारी ने शक्ति केंद्र स्तर तक जाकर डोर टू डोर जाकर 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर विवरण भर कर भाजपा सदस्य बनाए। वहीं जिला संयोजक रवि गुप्ता नेतृत्व में केरसई मंडल में सदस्यता अभियान चलाया गया,वही जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में बीरू मंडल श्रद्धानन्द बेसरा के नेतृत्व में कुरडेग मंडल दीपनारायण दास के नेतृत्व में बंगरु शक्तिकेन्द्र एवं राकेश रविकांत के नेतृत्व में सेवई मंडल पर सदस्यता अभियान चलाया गया ।मौके पर संगठन प्रभारी बबन गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है ,इसका सदस्य होना गौरव की बात है ।आने वाले दिनों में झारखंड में भाजपा का विशाल परिवार होगा लोग काफी संख्या में भाजपा से जुड़ रहे हैं ।मौके पर महामंत्री दीपक पुरी एवं मुकेश श्रीवास्तव महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुषमा देवी प्रदेश महिला मोर्चा सहप्रवक्ता माग्रेट बा ,केरसई मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ,जलडेगा मंडल अध्यक्ष मोतीलाल ओहदार ,ठेठईटांगर मंडल अध्यक्ष सुरजन प्रधान, बीरू मंडल अध्यक्ष मुकेश पंडा, सेवई मंडल अध्यक्ष देवकी नंदन साय सहित सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस को लेकर परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में हुआ फुल ड्रेस अभ्यास

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर फाइनल रिहर्सल किया गया।इस दौरान उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने गणतंत्र दिवस के सफल आयोजन को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया ।मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया ।फाइनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, झंडोत्तोलन, परेड सलामी, मार्च पास्ट, आदि का रिहर्सल किया गया। उपायुक्त ने फाइनल रिहर्सल का अवलोकन करने के बाद संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम के गरिमामय और प्रभावी प्रस्तुति के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिए तथा कार्यक्रम स्थल साज़-सज्जा सहित सभी तैयारियों को पूर्ण कराने हेतु जिला नजारत उप समाहर्ता पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। फाइनल रिहर्सल के दौरान सेंट मेरिज हाई स्कूल एवं उर्सूलाइन कॉन्वेंट स्कूल, सामटोली के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई। वहीं राष्ट्र गान उर्सूलाइन कॉन्वेंट विद्यालय, सामटोली के छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। परेड में पुलिस बल महिला, पुलिस बल पुरुष, सहायक पुलिस बल महिला, सहायक पुलिस बल पुरूष, एनसीसी कैडेट्स सहित कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित 10 टीम ने भाग लिया ।26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर उपायुक्त, सिमडेगा द्वारा झंडोत्तोलन पूर्वाहन 08:50 बजे पूर्वाह्न परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा में किया जाएगा। इसके पूर्व उपायुक्त अपने आवास में 08:15 पूर्वाह्न बजें झंडोत्तोलन करेंगे। तथा समाहरणालय, सिमडेगा में 10:20 बजे पूर्वाह्न, पुलिस केंद्र, सिमडेगा (नया भवन) में 10:30 बजे पूर्वाह्न, जिला परिषद, सिमडेगा 11:20 बजे पूर्वाह्न, नगर परिषद, सिमडेगा में 11:25 बजे पूर्वाह्न, अनुमंडल कार्यालय, सिमडेगा में 11:30 बजे पूर्वाह्न, समादेष्टा कार्यालय सिमडेगा में 11:40 बजे पूर्वाह्न एवं सिमडेगा क्लब, गांधी मैदान सिमडेगा में 11:50 बजे पूर्वाह्न झंडोत्तोलन किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### बानो में जय बापू जय भीम जय संविधान सम्मान यात्रा आज

**बानो।** प्रखंड में कांग्रेस प्रखंड समिति के द्वारा जय बापू जय भीम जय संविधान सम्मान यात्रा निकाली जाएगी उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजीत कंडुलना ने बताया कि कार्यक्रम 25 जनवरी को 11:00 से आरंभ किया जाएगा जयपाल सिंह मैदान से बिरसा चौक तक संविधान सम्मान यात्रा निकाली जाएगी उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं और संविधान प्रेमी गणों से आग्रह किया है की सम्मान यात्रा कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### टुड़यु गांव के गंदुरा डिपा में जंगली हाथियो ने तीन घर को तोडा



**बानो।** बानो प्रखंड के बिंतुका पंचायत अंतर्गत टुड़यु गांव के गंदुरा डिपा में जंगली हाथियो ने तीन घर को तोडा घर मे रखे अनाज को भी खाया। जंगली हाथी के द्वारा घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना गुरुवार रात्रि करीब 2 बजे की है ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक जंगली हाथी बिंतुका पंचायत अंतर्गत टुड़यु गांव पहुंचा तथा बिरसा सिंह,घुरन सिंह और अमरीता देवी के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा घर मे रखे अनाज को खा गया। जंगली हाथी के द्वारा घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया जिसे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने बताया कि घर में रखे बर्तन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया ।घटना की जानकारी बिंतुका मुखिया प्रीति बुढ़ को दी गई वही उन्होंने वन विभाग जानकारी दी। जिसके बाद टीम घटनास्थल पहुंच कर क्षतिपुर्ति की जानकारी लिया।

### कुरडेग प्रखण्ड में जय संविधान, जय बापू, जय भीम बचाओ कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कुरडेग।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर सिमडेगा जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की के निर्देशानुसार कुरडेग प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष टेलोस्फर टोप्पो के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा शुक्रवार को कुरडेग प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।सभी कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा दो, बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का अपमान नहीं सहेंगे, बापू का अपमान नहीं सहेंगे, संविधान की रक्षा हम करेंगें जैसे नारे लगाते हुए पदयात्रा करते केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश जताया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष तेलेस्फोर टोप्पो द्वारा कहा गया की जब तक केंद्रीय मंत्री अमित शाह इस्तीफा नहीं देते, तब तक कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन जारी रखेगी। आज संविधान और उसके शिल्पकार डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के विरुद्ध भाजपा के लोग कई तरह के आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग कर रहें हैं ,शायद वें लोग भूल गए हैं की आज जिस संवैधानिक पद पर वो बैठे हैं ,वह डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का ही लिखा हुआ संविधान का देन है ।ये अपने अहंकार में पुरी तरह से डूबे हुए हैं ।अहंकार में वे लोग आपत्तिजनक बयानबाजी कर रहे हैं ।जो कि कहीं से भी स्वीकार योग्य नहीं है ।हम सभी इस तरह के कृत्यों का जमकर विरोध करेंगे एवं इनकी तानाशाही के खिलाफ पग पग पर विरोध करेंगे। मौके जिला सचिव दीपक जयसवाल, विजय एक्का,सुमिरा लकड़ा,नीलिमा खाखा सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कुरडेग सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र में हुआ स्वास्थ मेला का आयोजन



**कुरडेग।** सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र कुरडेग में शुक्रवार को प्रखण्ड स्तरिय स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया । इस मेले का उदधाटन बी डी ओ श्री नैमन कुजूर , जिप उपाध्यक्ष सोनी कुमारी पैंकरा , प्रमुख सरस्वती देवी,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा , मुखिया उर्मीला कुजूर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । इसके बाद सभी अतिथियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया ।मौके पर बी डी ओ ने कहा कि इस मेले का प्रमुख उद्देश्य लोगों में अपने स्वास्थ के प्रति जागरूकता लाना है उन्होंने सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों से इस मेले में लाभ उठाने की अपील की । जिप उपाध्यक सोनी कुमारी पैंकरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग इस मेले का भरपूर लाभ उठायें यह पहल ग्रामीणों के लिए बड़ी राहत साबीत हो रही है खासकर उन मरीजों के लिए जो गाँव से शहर नही जा पाते हैं । वही चिकित्सा प्रभारी डॉ दिलीप कुमार बेहरा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि फाइलेरिया , मलेरिया , बी पी , सुगर , सामान्य ओ पी डी , आयुष्मान भारत , आभा कार्ड , टी वी उन्मुलन , टीका करण प्रतिरक्षा, आँख , दांत, परिवार नियोजन , मातृ स्वास्थ , आयुर्वेदिक सहित जाँच व निवारण के लिए अलग अलग स्टॉल लगाये गये हैं । सरकार के पहल से लोगों की सुविधा के लिए स्वास्थ मेला का आयोजन किया गया है यह विभाग का बेहतर पहल है । मेले में कुल 23 स्टॉल लगाये गये थे । जिसमें 588 लोगों की स्वास्थ की जांच की गई साथ ही 33 लोगों का आयुष्मान कार्ड 79लोगों का आभा कार्ड बनाया गया । लाभ लेने को लेकर सभी लोगो ने लाइन में लगकर अपना पंजीकरण कराया जिसके बाद सभी लोगों की जाँच की गई और दवाईयाँ दी गई । मौके डॉ दिलीप कुमार बेहरा , डॉ प्रशान्त बारीक , डॉ अभिनव , बी पी एम, नवल प्रसाद , अमरेन्द्र कुमार समेत सभी ए एन एम , सहिया व अन्य स्वास्थ कर्मी उपस्थित थे।

## ओड़गा में संविधान बचाओ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जलडेगा।** जलडेगा खंड अध्यक्ष सुशील जड़िया के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा शुक्रवार को जलडेगा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में ओड़गा पंचायत में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा दो, बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का अपमान नहीं सहेंगे, बापू का अपमान नहीं सहेंगे, संविधान की रक्षा हम करेंगें कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया द्वारा कहा गया की जबतक केंद्रीय मंत्री अमित शाह इस्तीफा नहीं देते, तब तक कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन जारी रखेगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया,इमानुएल जोजो, निरल जोजो, मसिहदास टोपनो, लाजरूस समद, बिजय टोपनो,लिलिग्रेस जोजो, सबयानी जोजो सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# परीक्षा पे चर्चा 2025 : नवोदय के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में पराक्रम दिवस के अवसर पर केंद्रीय विद्यालय सिमडेगा में परीक्षा पे चर्चा 2025 के अंतर्गत एक भव्य प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सिमडेगा जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेताजी के आदर्शों, देशभक्ति और ज्ञान के प्रति जागरूकता पैदा करना था। प्रतिभागी और उनकी तैयारी जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 10 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं: मानाल शर्लिन,ऋषिका कुमारी,अंकित कुमार,हर्षित साहू, रागिनी कुमारी, अर्चना प्रधान, राहुल जैसवाल, अशुन्ता कुल्लु, परसन तिर्की, अमन बादशाह तिर्की इन सभी छात्रों ने अपनी लगन, मेहनत और बुद्धिमत्ता से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की तैयारी का नेतृत्व मनोज कुमार ने किया। उनके मार्गदर्शन और सटीक रणनीति ने छात्रों को प्रतियोगिता के लिए आत्मविश्वास से भर दिया। साथ ही, ज्योति टूटी ने छात्रों को प्रतियोगिता स्थल तक पहुंचाने और उनका उत्साह बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 23 जनवरी को प्रतियोगिता में ऋषिका कुमारी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया इसे केंद्रीय विद्यालय में सम्मानित किया गया और 24 को जवाहर नवोदय विद्यालय में सुबह का प्रार्थना में ऋषिका कुमारी को वरिष्ठ शिक्षक संजय कुमार सिन्हा जी के द्वारा सभी बच्चों के साथ सम्मानित किया गया। उनकी इस सफलता ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनी।

# मजदूर यूनियन की हुई बैठक प्रखंड समिति का किया गया गठन

नवीन मेल संवाददाता

**कुरडेग।** प्रखंड बस स्टैंड परिसर मेंशुक्रवार को झारखंड मजदूर यूनियन का बैठक किया गया बैठक की अध्यक्षता संगीता किष्पोटा ने किया ।मौके पर मुख्य रूप से झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक में जिला कमेटी के दो पदाधिकारी का चयन हुआ जिसमें महामंत्री ददन खड़िया,वही प्रखंड अध्यक्ष संगीता किस्पोट्टा, उपाध्यक्ष कुसुम तिर्की, उपसचिव दुर्योधन साय , दिलेश्वर राम, जिला प्रभारी नेल्सन लकड़ा को बनाया ।बैठक में झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कुमार सिंह को फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया। बैठक में मजदूरों के समस्या को लेकर अपने नेता राजेश कुमार सिंह को अपना दुखड़ा सुनायामजदूर नेता राजेश सिंह ने मजदूरों की समस्या को सुनते हुए उन्होंने कहा कि आने वाला समय 9 फरवरी को मजदूरों की समस्या को लेकर एक विशाल राज मिस्त्री का सम्मेलन का आयोजन किया गया है ।उसे दिन सभी पंचायत के सभी राजमिस्त्री भाइयों को सूचित किया जाता है कि 9 फरवरी को राजमिस्त्री सम्मेलन किया गया है। श्री सिंह ने कहा कि कुरडेग प्रखंड में मनरेगा में कालाबाजारी एवं भ्रष्टाचार सीमा पर है सरकारी पैसा को बंदर बात किया जा रहा है उसे देखने वाला कोई जनप्रतिनिधि ना कोई प्रशासन न कोई देखने वाला नहीं है । अंत में अपने भाषण में कहा कि मजदूरों को नशापन ना करें एवं बाल बच्चा को शिक्षा स्वास्थ्य और पढ़ाई में ध्यानदें। बैठक में उपस्थित राजमिस्त्री दिलेश्वरराम, बसंत , प्रदीप राजेशलोहार, भुवनेश्वरसाहू, पवन कुमारबधाई, आनंद खड़िया, वंदनाखड़िया, रूपेश खड़िया, मनीष तिग्गा, अमरीश महतो, और अन्य मजदूर उपस्थित थे।

## कोलेबिरा में प्रखण्ड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

# 700 मरीज का शिविर लगाकर किया गया निशुल्क इलाज

नवीन मेल संवाददाता



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी के के शर्मा ने किया ।उक्त कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग,प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम,प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो, अंचल अधिकारी अनुप कच्छप,प्रखंड कल्याण विकास पदाधिकारी हृदयनाथ पांडेजिला विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम,प्रखण्ड प्रतिनिधि श्याम लाल प्रसाद, सुलभ नेल्सन डुंगडुंग,टीटांगर प्रखण्ड अध्यक्ष अशफाक आलम,प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज,तनवीर ख़ान,लड्डन एवं समस्त कोलेबिरा प्रखंड पदाधिकारी उपस्थित हुए ।मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और अन्य अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर और फीता काटकर किया गया ।कार्यक्रम में अतिथियों का सर्व प्रथम स्वागत बुके आदि देकर किया गया। स्वास्थ्य मेले में विभिन्न गांव से आए लोगों का स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवा दी गई लगभग 700 मरीज का स्वास्थ्य जांच किया गया तथा दवा दी गई। चिकित्सा पदाधिकारी के के शर्मा ने स्वागत सम्बोधन करते हुए चिकित्सा से सम्बंधित जानकारी आमजनों को दिए जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेला में विभिन्न रोगों का इलाज किया गया ।विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम ने कहा कि आज हमारा झारखंड राज्य स्वास्थ्य मेला लगा कर आम जनता को जागरूक कर रही है ।आज प्रदेश की सरकार लोगों को बेहतर से बेहतर ईलाज हो इसके लिए चिंतित है। गरीबों को किसी प्रकार का कोई कठिनाई न हो इसके लिए कल्याण विभाग द्वारा दस हजार रुपए तक लाभ देने का प्रावधान है। किन्तु हम या हमारे लोग उसका लाभ नहीं उठा पाते हैं ।आज हमारा जिला कैसे स्वास्थ्य में आगे बढ़े इसके लिए विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी हर प्रकार से प्रयासरत हैं। उन्होंने माननीय मंत्री स्वास्थ्य विभाग झारखंड को इसके लिए अवगत कराते हुए कहा है कि हमारा सिमडेगा जिला एक्सीडेंटल जोन है इसलिए आर्थो का सर्जिकल मशीनरी उपलब्ध कराया जाए,और साथ ही साथ डाक्टर का भी मांग किए हैं ।मौके पर स्वास्थ्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर कृष्णकांत शर्मा,एम ओ दंत चिकित्सा पदाधिकारी जूही सुनीता बैक,एम ओ बाह्य रोगी विभाग अभिषेक समीर तिग्गा,डॉ मोहित सवइंया, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जॉन पॉल बा,प्रखंड लेखा प्रबंधक विलास कुमार साहू,डाटा प्रबंधक प्रवीर दास,कुष्ठ प्रभारी पवन इंदवार,सीएचसी कोलेबिरा अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ, एएनएम,एमपीडब्ल्यू,बीटीटी, सहिया साथी गण एवं सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित हुए।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत खेले जा रहे हॉकी मैच के फाइनल मैच का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के तहत हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच का आयोजन हुआ ।फाइनल मैच का आयोजन एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में खेला गया ।फाइनल मैच सिमडेगा कॉलेज बनाम हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के बीच खेला गया। जिसमें हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की टीम 7-0 से विजयी रही। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त अजय कुमार सिंह उपस्थित रहे ।मौके पर उपायुक्त ने विजेता एवं उप विजेता टीम के प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा की जितनी महत्व हम विकास को देते हैं उतनी ही महत्व हमें विकास के लिए सड़क सुरक्षा को देने पड़ेगी हर साल जिले में 100 से ज्यादा सड़क दुर्घटना में मारे जा रहे हैं सड़क दुर्घटना रोकने का एक साथ हम सभी प्रयास करें तो सड़क दुर्घटना को काम किया जा सकता है साथ ही यातायात नियमों के बारे में भी महोदय द्वारा बताया गया ।मौके पर डीडीसी, डीटीओ, एमवीआई एवं अन्य मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा को प्रश्न मंच प्रतियोगिता प्रथम स्थान

**सिमडेगा।** वनवासी कल्याण केंद्र के शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति झारखण्ड द्वारा झारखंड राज्य में चल रहे विद्या मंदिर और शिशु मंदिर के छात्र छत्राओ के लिए राज्य स्तर की एक प्रश्न मंच प्रतियोगिता गुमला जिले के नवडीहा में रखी गई थी। उक्त प्रतियोगिता में राज्य भर के शिशु मंदिर और विद्या मंदिर के टीमों ने हिस्सा लिया था । इसमें सलडेगा विद्या मंदिर के कक्षा षष्ठ के छात्र प्रवीण प्रधान कक्षा सप्तम से अमन प्रसाद और कक्षा अष्टम से अभिषेक कुमार सिंह ने हिस्सा लिया था । उक्त टीम ने कई चक्र में चले क्विज प्रतियोगिता के सभी प्रश्नों का सही सही उत्तर देकर राज्य भर में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया ।

# बसंत पंचमी के मौके पर दिन में सांस्कृतिक कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड के सोय सेमरटोली में सरस्वती पूजा को लेकर नवयुवक संघ सेमरटोली के बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक की अध्यक्षता गुड्डु गुप्ता ने किया ।बैठक में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया तथा 4 फरवरी को बच्चों का नृत्य प्रतियोगिता और 5 फरवरी को 11:00 से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों के द्वारा गीत संगीत नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें रांची के कलाकार कयुम अब्बास, सुहाना देवी डांसर काव्य पायल,मांदर सम्राट हुलास महतो और स्थानीय लोकप्रिय कलाकार रूपेश बड़ाइक आदि के द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। बैठक में अनुप साहू, कर्मवीर साहू,सुनिल साहू, विनोद नाग, मुकेश साहू,रतन साहू, रामचंद्र साहू, संतोष साहु,माना दोहरा, रामधनी साहू, विषुन साहू, दीपक साहू, हरखमन साहू,पंचु साहू,चंदन साहू,शितल साहू,गंगाधर साहू,मोहन नाग,संदीप साहू, नवीन चंद्र साहू,सूरज साहू,भीम लोहरा,सुरज लोहरा,राजेन्द्र साहू, ओमप्रकाश साहू, कलेश्वर साहू, रामधन साहू, देवेंद्र साहू के अलावा नवयुवक संघ सेमरटोली के सदस्य गण उपस्थित थे।

